
हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 14 देहरादून, सोमवार, 01 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



उत्तराखंड की एथलीट बेटी अंकिता ने फिर जीता स्वर्ण 3

# सूचना विभाग का सहयोग लेगी धामी सरकार

## प्रचार-प्रसार के लिए सूचना विभाग का सहयोग लिया जाए







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 जुलाई , 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में विस्तारपूर्वक नए कानूनों की आवश्यकता, इन्हें बनाने हेतु किये गये प्रयासों और इनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड पुलिस हस्तपुस्तिका का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नये कानूनों में जो प्राविधान किये गये हैं, इन कानूनों के लागू होने के बाद प्रदेश में इनका सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इन कानूनों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और आम जन को इन कानूनों की जानकारी हो इसके लिए विभिन्न माध्यमों से कानूनों का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

पुलिस महानिदेशक द्वारा नये कानूनों की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व के कानून बहुत जटिल थे, जिसके कारण भारतीय नागरिकों को न्याय पाना एवं आवाज उठाना पाना कठिन था। सहिंता का उद्देश्य ब्रिटिश शासन को बढ़ावा देना तथा भारतीय नागरिकों का दमन करना था। पूर्ववर्ती कानूनों के फलस्वरूप न्यायालय में लंबित मामलों की बड़ी संख्या, दोषसिद्धि की कम दर, पीड़ित की असंतुष्टि एवं अपराधी पर अपूर्ण कार्यवाही रहा। इसी के मद्देनजर नए कानूनों को बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। 25 दिसंबर 2023 को नए आपराधिक कानूनों के बिल को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली।

पुलिस महानिदेशक ने जानकारी दी कि देश में 1 जुलाई 2024 से इन्हें लागू किया जाना प्रस्तावित है। कानून के गठन हेतु 18 राज्य, 6 केंद्र शासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 उच्च न्याययियों, 5 न्यायिक अकादमियों, 22 कानून विवि, 142 संसद सदस्यों, लगभग 270 विधायकों को जनता द्वारा दिये गए सुझावों के आधार पर 4 वर्ष में गहन परीक्षण कर इन्हें तैयार किया गया है। नए कानूनों का तीन मुख्य तथ्यों न्याय, समानता एवं निष्पक्षता को केंद्रित कर गठन किया गया है। भारतीय न्याय सहिंता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्राविधान, 06 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं।

पुलिस महानिदेशक ने प्रस्तुतिकरण में अवगत कराया कि नए कानून पीड़ित को अधिक अधिकार प्रदान करने के साथ ही शीघ्र न्याय, आपराधिक न्याय विंग प्रणाली के सभी विंग को अधिक जवाबदेह बनाने पर जोर देता है। राज्य में नए कानूनों को लागू करने के लिए 6 कमेटियों का गठन किया गया है जिनमें जनशक्ति, प्रशिक्षण, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सीसीटीएनएस, राज्य में लागू एक्ट में नये कानून के अन्तर्गत परिवर्तन व जागरूक समिति शामिल हैं। नए कानूनों के लागू होने पर राज्य में लागू अधिनियमों में आवश्यक संशोधन प्रस्तावित हैं। जिनमें उत्तराखंड राज्य के कुल 434 स्थानीय अधिनियमों का अवलोकन कर 74 अधिनियमों में संशोधन के प्रस्ताव के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के 343 अधिनियमों का अवलोकन कर 116 अधिनियम मंस संशोधन के प्रस्ताव एवं केंद्र के कुल 228 अधिनियमों का अवलोकन कर संशोधन का प्रस्ताव है। उन्होंने जानकारी दी कि भारतीय न्याय संहिता कि कुछ धाराओं में बदलाव किये गये हैं।

# सीएम धामी ने बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में पीएम मोदी के मन की बात का 111 वां संस्करण सुना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 111 वां संस्करण सुना। मन की बात कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत की गई।



उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से आह्वाहन किया कि इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संर्वद्धन में अपना योगदान अवश्य दें। वृक्षारोपण के साथ जल संचय की दिशा में भी योगदान देने के लिए उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वाहन किया है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तिब्बती समुदाय के लोगों से भी अनुरोध किया कि वृक्षारोपण और जल संचय के अभियान में वे भी सक्रिय भागीदार बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया। 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनेक देशों में योग के बड़े कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। दुनिया में योग करने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि योग और आयुर्वेद की भूमि है। स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कर्मयोगी के रूप में भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। भारत की सोच हमेशा से विश्व बंधुत्व की रही है। इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं सुनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं सुनी। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए समस्या या शिकायत जिस विभाग से संबंधित है, शीघ्र संबंधित विभाग को भेजकर उस पर की गई कार्यवाही की भी जानकारी ली जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस समस्या का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, वे समस्याएं अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर न आये। इस प्रकार की शिकायते आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिये हैं।




मुख्यमंत्री के समक्ष लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आर्थिक सहायता, विद्युत, जमीन से संबंधित मामलों एवं अन्य समस्याएं रखी। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं, कि वे नियमित तहसील दिवस और बीडीसी की बैठकों का आयोजन करवायें। इन बैठकों में सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में 01 घण्टा जन समस्याओं को सुनने के भी निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये हैं।

इस अवसर पर आईजी गढ़वाल के.एस.नगन्याल, अपर सचिव संजय टोलिया, अपर जिलाधिकारी देहरादून जय भारत सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# Meta AI : व्हाट्सएप पर ऐसे करें इस्तेमाल, पाएं अपने सभी सवालों के जवाब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : LLaMA 3 ने ही मेटा एआई को स्मार्ट और फास्ट बनाया है। यह इंसानों की तरह आपके सवालों के जवाब दे सकता है। Meta AI फेसबुक फीड में भी नजर आ रहा है। किसी पोस्ट के बारे में डिटेल जानकारी आप मेटा एआई से ले सकते हैं। आप meta.ai पर जाकर भी इसे इस्तेमाल कर सकता है। मेटा एआई फिलहाल केवल अंग्रेजी में सपोर्ट कर रहा है।Meta AI एक लंबे इंतजार के बाद व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लाइव हो गया है यानी अब आप इसे इस्तेमाल कर सकते हैं। Meta AI का इस्तेमाल आप चैटजीपीटी की तरह ही कर सकते हैं। Meta AI से आप तमाम तरह के सवाल पूछ सकते हैं। इसके अलावा एआई इमेज भी बनवा सकते हैं। Meta AI, लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) LLaMA 3 पर आधारित है।LLaMA 3 ने ही मेटा एआई को स्मार्ट और फास्ट बनाया है। यह इंसानों की तरह आपके सवालों के जवाब दे सकता है। Meta AI फेसबुक फीड में भी नजर आ रहा है। किसी पोस्ट के बारे में डिटेल जानकारी आप मेटा एआई से ले सकते हैं। आप meta.ai पर जाकर भी इसे इस्तेमाल कर सकता है। मेटा एआई फिलहाल केवल अंग्रेजी में सपोर्ट कर रहा है।व्हाट्सएप में ऐसे करें Meta AI का इस्तेमालसबसे पहले अपने व्हाट्सएप को अपडेट करें।इसके बाद आपको एप में सबसे ऊपर मेटा एआई का लोगो नजर आएगा जो कि गोल होगा।उस पर क्लिक करें और इस्तेमाल करें।Meta AI से फोटो बनवाने के लिए कमांड (प्रॉम्प्ट) से पहले आपको Imagine लिखना होगा।आप राजनीति को छोड़कर किसी भी विषय पर Meta AI से फोटो बनवा सकते हैं।फिलहाल मेटा एआई से आप फोटो और ऑडियो के जरिए कोई सवाल नहीं पूछ सकते हैं।मेटा एआई से आप गणित के सवाल भी पूछ सकते हैं।




# उत्तराखंड : जहां जमीं पर उतर आते हैं बादल, वो खूबसूरत जगह है रानीखेत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 01 जुलाई : दिल्ली एनसीआर से सबसे नजदीक हिल स्टेशन में उत्तराखंड का रानीखेत भी शामिल है। रानीखेत दिल्ली से करीब 376 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यानि आप सिर्फ 9 घंटे की ड्राइव करके रानीखेत पहुंच सकते हैं। रानीखेत उत्तराखंड की खूबसूरत और शांत जगहों में शामिल है। ये हिल स्टेशन कुमाऊं में प्रकृति की गोद में बसा हुआ है। रानीखेत का मतलब है 'रानी का खेत' जो समुद्र तल से 1800 मीटर की ऊंचाई पर है। बारिश के दिनों में रानीखेत और भी खूबसूरत हो जाता है। यहां के घने जंगल, चीड़, देवदार के पेड़ और झरने सैलानियों को अपनी ओर खींचते हैं। अगर आपको भी किसी शानदार हिल स्टेशन पर कुछ सुकून के पल बिताने हैं तो रानीखेत जरूर जाएं।

रानीखेत की हसीन वादियां देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। यहां टूरिस्ट कैंपिंग होती है और ठंड के दिनों में बर्फबारी का मजा ले सकते हैं। रानीखेत काफी शांत हिल स्टेशन है। यहां सेब के बगीचे, खुबानी के बगीचे और कई स्पॉट हैं जो देखने लायक हैं। रानीखेत में झूला देवी मंदिर के दर्शन कर सकते हैं जो 7 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा चौबटिया गार्डन, हैडाखान बाबा का आश्रम, बिनसर महादेव मंदिर भी घूम सकते हैं। टूरिस्ट यहां के पास में स्थित मजखाली गांव भी घूम सकते हैं।

मानसून में बारिश के बार यहां का नजारा देखने लायक होता है। रानीखेत के पहाड़ों पर फॉगी मौसम, बारिश और बहते झरने आपका दिल जीत लेंगे। यहां के खेत बारिश के बार और हरे हो जाते हैं। सीढ़ीनुमा खेत रानीखेत की खूबसूरती में चार-चांद लगा देते हैं। यहां पहुंचकर आपको ऐसा लगेगा मानो आप प्रकृति की गोद में बैठे हैं।


वहीं 1869 में अंग्रेजों ने रानीखेत में कुमाऊं रेजीमेंट का मुख्यालय बनाया और इस स्टेशन का उपयोग गर्मी से छुटकारा पाने के लिए किया जाने लगा। रानीखेत कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर और नागा रेजिमेंट का घर है। जिसकी देखरेख अब भारतीय सेना करती है।



# Health Tips : रोज एक अनार खाने से शरीर में होने लगेंगे ये बदलाव

न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : अनार मार्केट में मिलने वाला महंगा फल है और इसका जूस भी काफी महंगा होता है. अधिकतर लोग जूस के नाम पर संतरा या मौसमी का जूस पीते हैं, लेकिन अनार का जूस भी लोगों के बीच काफी ज्यादा मशहूर है. इसे लोग अक्सर सेहत से जुड़ी दिक्कत दूर करने के लिए ही पीते हैं. कमजोरी या खून की कमी के दौरान अक्सर अनार का जूस पीने की सलाह दी जाती है. अनार पुनिका ग्रेनेटम पेड़ का फल है. यह फल कड़वा होता है, इसलिए सिर्फ इसके बीज ही खाए जाते हैं. एक अनार में लगभग 30 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो एक दिन के लिए पर्याप्त विटामिन सी से 40 प्रतिशत ज्यादा है.



अनार का जूस लोग शरीर की सूजन कम करने के पीते है. दिल को हेल्दी रखने के लिए भी अनार का जूस पिया जाता है. कहते हैं कि अनार के दानों को खाने और इसका जूस पीने से खून बढ़ता है। अनार और अनार के जूस पर रिसर्च होती रहती है. रिसर्च में जो बात अक्सर सामने आती है, वह यह है कि इससे दिल से जुड़ी बीमारी, शरीर की सूजन, किसी भी तरह का इंफेक्शन, दांत की बीमारी, हार्ट हेल्थ सभी ठीक रहते हैं। अनार का जूस बीपी को कंट्रोल में रखता है. 8 सप्ताह तक अगर आप लगातार अनार का जूस पिएंगे तो इससे हाई बीपी की बीमारी में काफी ज्यादा फायदा मिलता है. अनार का जूस प्रतिदिन 10 चम्मच पीने से सिस्टोलिक रक्तचाप कम होता है, लेकिन अनार का जूस काफी ज्यादा पीने से कोई खास प्रभाव नहीं दिखता. हालांकि, यह हाई बीपी काफी तेजी से कंट्रोल करता है. अगर आप रोजाना अनार खाते हैं तो यह पेट के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है. अनार में भरपूर मात्रा में फाइबर और प्रोबायोटिक्स होते हैं, जिसके कारण इसे खाने से अनार हेल्दी गट माइक्रोबायोम के प्रोडक्शन को बढ़ाता है. अनार में एंटीऑक्सिडेंट कंपाउंड होते हैं, जो नर्वस सिस्टम को डैमेज होने से बचाते हैं. यह कॉग्नेटिव फंक्शन को बढ़ाता है और याददाश्त को भी मजबूत करता है. अनार खाने से कई फायदे मिलते हैं. अनार में एक खास तरह का प्यूनिकैलागिन्स पाया जाता है, जिसमें हाई एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं. यह शरीर में होने वाली सूजन को रोकता है.

# एक साथ 60 लोगों से रचाई शादी, जानें कौन है यह महिला

न्यूज वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : कहते हैं मोहब्बत बिल्कुल शतरंज के खेल जैसी है, सिर्फ एक गलत चाल और सीधे शादी! यही कारण है कि लोग अपनी शादी बहुत सोच-समझकर करता है. अपने जीवन में किसी को पार्टनर बनाने से पहले इंसान काफी ज्यादा सोच-विचार करता है, तब कहीं जाकर वो शादी के अंतिम निर्णय तक पहुंच पाता है. हालांकि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इतने महत्वपूर्ण फैसले को मजाक समझकर उसके साथ खेल करना शुरू कर देते हैं. ऐसी ही एक महिला का किस्सा इन दिनों लोगों के बीच तेजी से वायरल हो रहा है. जिसने अपनी शादी के लिए एक-दो को नहीं, पूरे 60 लोगों को चुना और उनसे शादी कर ली।

हम बात कर रहे हैं ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली 40 साल की कार्ली सारे के बारे में, जो पेशे से एक वेडिंग फोटोग्राफर हैं. जिन्होंने अपने काम के दौरान कई लोगों को साथ कसमें खाते, प्यार जताते और एक बंधन में बंधते देखा है. लेकिन यहां जब बात खुद की आई तो उन्होंने किसी एक को अपना जीवनसाथी नहीं चुना, बल्कि एक साथ 60 लोगों को चुना और उनसे शादी कर ली. अपने इस फैसले को लेकर उन्होंने कहा कि ये सभी लोग मेरे जीवन में काफी ज्यादा महत्व रखते हैं इसलिए मैंने इन सभी से एक साथ शादी कर ली।

अपनी शादी को लेकर उनका कहना है कि सिर्फ एक इंसान से शादी करने का कॉन्सेप्ट मुझे ठीक नहीं लगता. ऐसा लगता है कि हमने अपनी पूरी जिंदगी सिर्फ एक इंसान के नाम कर दी हो. मैं अपने जीवन में बस एक यही काम था जो नहीं करना चाहती थी. यही कारण है कि मैंने अपने जीवन में अपने दोस्तों के साथ शादी कर ली. जिसमें पुरुष और स्त्रियां दोनों ही शामिल हैं. उनके इस फैसले को कई लोग गलत भी मानते हैं, लेकिन कार्ली का कहना है कि इस बात से उन्हें बिल्कुल फर्क नहीं पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये शादी पूरे तीन दिनों तक चली. ये शादी बिल्कुल पारंपरिक तरीके से हुए और उसने अपने सारे दोस्तों के प्रति गहरा प्यार, सम्मान और प्रतिबद्धता की कसम खाई. मजे की बात ये है कि उन्होंने अपने सारे पार्टनर को न ही ब्राइड और न ही ग्रूम नाम दियाबल्कि उन्हें ब्रूम कहा गया और उनका मानना है कि ये उनके जीवन का सबसे सही फैसला है।

# उत्तराखंड की एथलीट बेटी अंकिता ने फिर जीता स्वर्ण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली 01 जुलाई : पंचकूला में आयोजित 63वीं नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहाड़ की बेटी अंकिता ध्यानी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।जो मंजिलों को पाने की चाहत रखते हैं, वो समन्दर पर भी पत्थरों के पुल बना देते हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है पहाड़ की होनहार बेटी अंकिता ध्यानी ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के पंचकूला में चल रही 63वीं नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंकिता ने प्रतिभाग किया था और उन्होंने 16 मिनट 10.31 सेकेंड में अपनी रेस पूरी करके प्रथम स्थान हांसिल किया।





अंकिता ध्यानी मूलरूप से पौड़ी जिले के जहरीखाल ब्लाक के मेरूड़ा गांव निवासी हैं और उनके पिता महिमानंद ध्यानी और माता लक्ष्मी देवी बताते हैं कि उन्होंने बचपन से ही बेटी को एक बड़ा खिलाड़ी बनने का सपना देखा था। अंकिता ने कक्षा आठवीं में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और तब से अब तक कई प्रतियोगितओं में प्रतिभाग कर सफलता हांसिल कर चुकी हैं। अंकिता के नाम विभिन्न प्रतियोगिताओं में एक दर्जन से अधिक स्वर्ण, करीब आधा दर्जन रजत और तीन कांस्य पदक है।

# रिटायरमेंटः सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड से सेवानिवृत हुए पान सिंह, प्रमोद और परवेजुल हसन



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,1 जुलाईसूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखण्ड में आज अधिवर्षता आयु पूरी करने पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पान सिंह बिष्ट, सूचना अधिकारी प्रमोद चंद्र तिवारी और टेक्निकल सहायक परवेजुल हसन को विभाग की ओर से सेवानिवृत समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों द्वारा विभाग को दिए गए सराहनीय योगदान को अधिकारियों और कर्मचारियों ने याद किया।

रिटायरमेंट के मौके पर अधिकारियों और साथियों ने साथ में बिताए गए सेवा के पुराने दिनों को याद किया



देहरादून सूचना निदेशालय में आयोजित सेवानिवृत्त समारोह में मुख्य अतिथि विभाग के अपर निदेशक आशिष त्रिपाठी ने कहा कि सेवानिवृत हो रहे तीनों कार्मिकों ने विभाग को गौरवमयी सेवाएं दी। इससे हर कार्मिक गौरवांवित होता है। कोई भी कार्मिक हो वह विभाग का चेहरा होते हैं। तीनों कार्मिकों ने भी इसी के अनुरूप विभाग को सेवाएं दीं।स ंयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने कहा कि नौकरी पाने से ज्यादा सम्मान से सेवानिवृत्त होना ज्यादा खुशी का क्षण होता है। यह एक बड़ी उपलब्धि होती है।उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव और रवि बिजारनिया ने भी तीनों कार्मिकों द्वारा विभाग को दी गई सराहनीय सेवाओं को याद किया।

रिटायरमेंट के मौके पर सभी अधिकारी और कर्मचारीयों साथियों ने दी बधाई

इस अवसर पर सहायक निदेशक एलपी भट्ट, फिल्म फोटो अधिकारी शेखर चंद्र जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रणजीत सिंह बुदियाल, कैलाश रावत, सुरेश भट्ट, प्रशांत रावत, संतोषी नेगी सहित सूचना विभाग के अधिकारी और कर्मचारी और वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

## बगैर लाइसेंस मांस बेचने पर छह व्यापारियों का चालान

चम्पावत। नगर पालिका ने बगैर लाइसेंस के मांस बेच रहे छह मीट विक्रेताओं का तीन हजार रुपये का चालान किया। ईओ पूरन सिंह बोहरा के नेतृत्व में पालिका की टीम ने नगर के पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड स्थित पास हिटलर मार्केट में खुली मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें छह व्यापारियों का तीन हजार रुपये का चालान किया। ईओ ने बताया कि सभी मीट विक्रेता बगैर लाइसेंस के मांस बेच रहे हैं और दुकानों के आगे गंदगी भी की है। टीम में प्रमोद महर, राजकुमार बिष्ट, कैलाश उपाध्याय, पीयूष पांडेय, संदीप वाल्मीकि रहे।

## टनकपुर-कासगंज के बीच आज से ट्रेन का संचालन बंद

चम्पावत। टनकपुर-कासगंज के बीच चलने वाली मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन आज से बंद हो गया है। इज्जतनगर रेलवे मंडल की ओर से रविवार को यह आदेश जारी किया गया है।इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह और टनकपुर रेलवे अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि मां पूर्णागिरि मेले के अवसर पर टनकपुर-कासगंज के बीच ट्रेन 05451, 05452 मेला स्पेशल का संचालन किया जा रहा था। बताया कि मेला समाप्ति होने के कारण ट्रेन 05451, 05452 में यात्रियों की संख्या में भारी कमी आई है। जिसे देखते हुए सोमवार से मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन बंद रहेगा।

## सीओ ने नए कानूनों की जानकारी दी

चम्पावत। टनकपुर में सीओ ने रविवार को टनकपुर-बनबसा के पुलिस कर्मियों को नए कानूनों की जानकारी दी। टनकपुर कोतवाली में गोष्ठी के दौरान सीओ शिवराज सिंह राणा ने बताया कि आज से लागू होने वाले नए कानूनों को उनके सही क्रियानवयन के लिए उनकी बारीकियों को समझना बेहद जरुरी है। उन्होंने नए कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि तलाशी और गिरफ्तारी के दौरान वीडियोग्राफी किए जाने, वीडियो को डिजिटल लॉकर में सुरक्षित रखे जाने, 90 दिन के भीतर शिकायकर्ता को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने, गिरफ्तार व्यक्ति के बारे में जानकारी सार्वजनिक किए जाने, सहित तमाम जानकारियां दी।

## 931 ने दी इंटरमीडिएट स्तरीय लिखित परीक्षा

चम्पावत। चम्पावत में इंटरमीडिएट स्तरीय लिखित भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में 931 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि 94 अभ्यर्थी परीक्षा में गैर हाजिर रहे। चम्पावत में रविवार को इंटरमीडिएट स्तरीय लिखित भर्ती परीक्षा हुई। सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि आबकारी सिपाही, परिवहन आरक्षी, उप आबकारी निरीक्षक व अन्य पदों के लिए परीक्षा हुई। जीआईसी में बनाए गए कंट्रोल रूम के प्रभारी शिक्षक मनोज जोशी ने बताया कि परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में 1025 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 931 ने परीक्षा दी। जबकि 94 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जीआईसी चम्पावत केंद्र में पंजीकृत 288 में से 257 ने परीक्षा दी। जबकि 31 गैर हाजिर रहे। यूनिवर्सल इंटर कॉलेज में पंजीकृत 377 में से 347 ने परीक्षा दी। यहां 30 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। विद्या मंदिर में पंजीकृत 360 में से 327 ने परीक्षा दी। जबकि 33 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए सुरक्षा का तगड़ा बंदोबस्त किया गया था।

# संक्षिप्त खबरें

## बस कंडक्टर की मौत की उच्चस्तरीय जांच हो : नेगी

देहरादून। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने ऋषिकेश पुलिस पर विश्वनाथ बस सेवा के कंडक्टर की बेहरमी से पिटाई करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि पिटाई के बाद कंडक्टर को जेल भेजा गया, जहां उसकी मौत हुई है। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। विधायक नेगी ने बताया कि कंडक्टर रणवीर सिंह रावत को ऋषिकेश पुलिस ने बिना टिहरी पुलिस को घटना की जानकारी दिए गिरफ्तार किया। कारागार में कंडक्टर की मृत्यु और पोस्टमार्टम में मृत्यु के समय में अंतर मामले को संदिग्ध करता है, जो कि जांच का विषय है। विधायक ने मुख्यमंत्री, मानव अधिकार आयोग, महिला आयोग जिला अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक को घटना का संज्ञान लेते हुये जांच की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## समूह ग के 236 पदों के लिए 4673 युवाओं ने दी परीक्षा

हल्द्वानी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को नैनीताल जिले के 13 परीक्षा केंद्रों में परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप आबकारी निरीक्षक, हास्टल मैनेजर, हाउस कीपर (महिला) के 236 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इसमें पंजीकृत 5450 में 4673 युवा परीक्षा में शामिल हुए। 777 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने हल्द्वानी में परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए पूरे राज्य में 104 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले को अबकी बार परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया। बताया कि आयोग ने इंटरमीडिएट स्तर पर 236 पदों पर आवेदन मांगे। रिक्त पदों में 118 परिवहन आरक्षी, 100 आबकारी सिपाही, 14 उप आबकारी निरीक्षक, जीबी पंत विवि में हॉस्टल मैनेजर, महिला कल्याण विभाग में हाउस कीपर के दो-दो पद शामिल हैं।

## नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 4 जुलाई तक होगी एंट्री

हल्द्वानी। 13वीं राष्ट्रीय जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के लिए 4 जुलाई तक खिलाड़ी अपना आवेदन कर सकेंगे। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की कार्यालय सचिव अमिता ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 जुलाई तक बंग्लुरु में प्रतियोगिता होनी है। इसमें 19 साल से कम उम्र के पैरा एथलीट प्रतिभाग कर सकेंगे। इसमें दौड़, थ्रो, कूद सहित अन्य इवेंट्स होने हैं। जिसके लिए पैरा खिलाड़ी को राज्य से संबंधित खेल में क्लासीफाइड होना आवश्यक है। बताया कि 4 जुलाई तक खिलाड़ी अपनी एंट्री राज्य पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन उत्तराखंड को भेज सकते हैं।

## मनोज सिंह अध्यक्ष और भुवन पांडे मंत्री बने

हल्द्वानी। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण) की बेस अस्पताल हल्द्वानी शाखा का द्वितीय सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। बेस अस्पताल के सभागार में आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को जोरशोर से उठाया। बाद में जिलाध्यक्ष गंगाराम, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश पंत व महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र पांडे की देखरेख में चुनाव का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज सिंह को शाखा अध्यक्ष, भुवन पांडे को मंत्री, राजेन्द्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवी दत्त को कोषाध्यक्ष, बसंत पांडे को प्रचार मंत्री, हरीश गिरी को संप्रेक्षक, शयामाचरम व जगदीश बेलवाल को सलाहकार चुन लिया गया। नवगठित कार्यकारिणी ने कर्मचारियों की वर्दी, ड्यूटी रोस्टर समेत कई मांगों के लिए एकजुट होकर संघर्ष की बात कही है। यहां गौरी शंकर, ममता आर्य, जया बोरा, देवकी देवी, लाल सिंह बोरा, देवी दत्त आदि मौजूद रहे।

## 14 खिलाड़ियों ने पास की कराटे की बेल्ट परीक्षा

हल्द्वानी। दीप्ति पब्लिक स्कूल कुसुमखेड़ा में आयोजित एक दिवसीय कराटे बेल्ट परीक्षा में 14 खिलाड़ियों ने परीक्षा पास की। रविवार को वॉरियर्स मार्शल आर्ट एकेडमी की ओर से एक दिवसीय कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन स्कूल में किया गया। इसमें करीब 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मार्शल आर्ट कोच सौरभ गौड़ ने बताया कि परीक्षा में पार्थ गुरुरानी, यथार्थ सिंह, आराध्या तिवारी, आयुष्मान तिवारी ने यलो बेल्ट, अन्वी भट्ट, सान्वी भट्ट, अदन्या जोशी, कार्तिक डोगरा ने ऑरेंज बेल्ट, भास्कर सिंह गौड़, विजय मौर्या, सारिका मेहरा ने ग्रीन बेल्ट, श्रेया मेहरा ने पर्पल बेल्ट, गौरव डोगरा ने ब्राउन बेल्ट, यश गुरुरानी ने ब्राउन तीसरी बेल्ट परीक्षा पास की। यहां कोच सौरभ सनवाल भी मौजूद रहे।

## पूर्णागिरि में दस घंटे अंधेरे में रहे पुजारी और श्रद्धालु

चम्पावत। पूर्णागिरि के पुजारी और श्रद्धालुओं ने साढ़े दस घंटे तक अंधेरे में रात गुजारी। देर रात भैरव मंदिर के पास मुख्य लाइन में तकनीकी खराबी आने से बिजली गुल हो गई। दोपहर साढ़े बारह बजे बिजली सुचारु होने से लोगों ने राहत की सांस ली। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नीरज पांडेय ने बताया कि मेला समाप्ति के बावजूद प्रतिदिन पांच हजार से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंच रहे हैं। ऐसे में बिजली कटौती से धाम के पुजारियों के अलावा श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि शनिवार देर रात दो बजे तकनीकी खराबी के कारण भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक बिजली गुल हो गई। इससे श्रद्धालुओं का अपनों से संपर्क कट गया। बताया कि सुबह के समय भी बिजली नहीं होने से श्रद्धालुओं व पुजारियों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ा। दोपहर साढ़े बारह बजे बिजली आपूर्ति सुचारु होने से लोगों ने राहत की सांस ली। मंदिर समिति ने नियमित बिजली आपूर्ति सुचारु रखे जाने की मांग की है।

नरेंद्र श्रीवास्तव, जेई, ऊर्जा निगम, टनकपुर का कहना है कि भैरव से आगे खटीक के पास बिजली लाइन में फॉल्ट आ गया था। जिसकी वजह से बिजली आपूर्ति बाधित रही थी। दोपहर साढ़े बारह बजे फॉल्ट सुधारकर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई।

## स्मैक के साथ एक नेपाली गिरफ्तार

चम्पावत। बनबसा में पुलिस ने 2.70 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली युवक को दबोचा है। पकड़े गए युवक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को बनबसा थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि हाईवे में चेकिंग के दौरान कंचनपुर, नेपाल निवासी कैलाश बिष्ट पुत्र वीर बहादुर बिष्ट के पास से कुल 2.70 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस टीम में एसआई जितेंद्र बिष्ट, हेड कांस्टेबल जगबीर, गणेश बिष्ट, ललित सिंह आदि रहे।

# चातुर्मास की पहली एकादशी पर चर्म रोगों से मिलेगी मुक्ति! इस योग से मिलेगा धन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 01 जुलाई : साल 2024 में चातुर्मास के पहले महीने में पड़ने वाली एकादशी श्रेष्ठ और महत्वपूर्ण है. धार्मिक ग्रंथो के अनुसार साल 2024 में चातुर्मास की पहली एकादशी 2 जुलाई को होगी. चातुर्मास की पहली एकादशी को व्रत, पूजा पाठ आदि करने से शारीरिक रोग दूर होने की धार्मिक मान्यता है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 2 जुलाई को भगवान विष्णु के निमित्त योगिनी एकादशी होगी. इस बार योगिनी एकादशी पर कोई भी धर्म कर्म का कार्य करने से विशेष लाभ की प्राप्ति होगी. साथ ही व्यक्ति के जीवन से शारीरिक रोग, दुख, परेशानियां, कष्ट सब दूर हो जाएंगे।



चातुर्मास की पहली एकादशी के दिन पूजा पाठ, व्रत और भगवान भक्ति में लीन होने से शारीरिक समस्याएं, कुष्ठ रोग आदि सभी खत्म होने की धार्मिक मान्यता है. साल 2024 में चातुर्मास का पहला महीना आषाढ़ है जो 23 जून से शुरू हो गया था. आषाढ़ के कृष्ण पक्ष में दो तिथि घटने से यह त्रयोदश पक्ष हो गया है जो द्वापर युग के बाद 2024 में आया है. शास्त्रों के अनुसार त्रयोदश पक्ष बेहद ही विनाशकारी होता है।

योगिनी एकादशी के महत्व और साल 2024 में इसके श्रेष्ठ होने की जानकारी हमने हरिद्वार के ज्योतिषी पंडित श्रीधर शास्त्री से की. वह बताते हैं की साल 2024 में चातुर्मास की पहली योगिनी एकादशी 2 जुलाई को होगी. योगिनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग होने से इस दिन कोई भी धर्म कर्म का कार्य किया जाए है तो उसका सम्पूर्ण फल मिलता हैं. वह बताते हैं कि योगिनी एकादशी पर भगवान विष्णु की कृपा से व्यक्ति को चर्म रोग, कुष्ठ रोग, रक्त विकार रोग आदि से छुटकारा मिल जाता है. सभी एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है इसलिए एकादशी पर भगवान विष्णु के निमित्त पूजा पाठ, व्रत आदि करने का महत्व होता है. सर्वार्थ सिद्धि योग में योगिनी एकादशी होने के कारण यह श्रेष्ठ और उत्तम है. योगिनी एकादशी के अवसर पर कोई भी धार्मिक कार्य, सत्कर्म या कोई मनोकामना आदि सभी का व्यक्ति को कई गुना फल प्राप्त होता है।

पंडित श्रीधर शास्त्री बताते हैं की योगिनी एकादशी पर ब्रह्म मुहूर्त में जो भी श्रद्धालु व्रत का संकल्प कर पूजा पाठ करेंगे उन्हें इसका कई लाख गुना फल प्राप्त होगा. योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की आराधना व्यक्ति को कई दुखों और रोगों से छुटकारा दिलाएगी. जिसमें व्यक्ति को चर्म रोग, कुष्ठ रोग आदि से मुक्ति मिल जाएगी. साथ ही योगिनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग अपने साथ धन संपत्ति, धर्म कर्म आदि सभी लेकर आ रहा है. योगिनी एकादशी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग होने के कारण इसका महत्व लाखों गुना बढ़ जाएगा और सभी पर भगवान विष्णु की असीम कृपा बनी रहेगी.

# ट्रेन की पटरी के किनारे क्यों लिखा होता है 'सी/फा' और 'W/L': क्या है इनका मतलब

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : ट्रेन पर यात्रा करने का मजा ही कुछ अलग होता है. आपको नए लोगों से मिलने का मौका मिलता है, देश की खूबसूरती देखने का मौका मिलता है और अनोखे तरह के ज्ञान की भी प्राप्ति होती है. ट्रेन से जुड़ा एक रोचक फैक्ट, ट्रेन के अंदर नहीं, बल्कि बाहर, पटरियों के बगल में होता है. यात्रा के दौरान आपका ध्यान रेलवे ट्रैक (What is the meaning of W/L board) के बगल में लगे बोर्ड्स पर गया होगा, जिसपर 'W/L' या 'सी/फा' लिखा रहता है. क्या आप जानते हैं कि आखिर इसका क्या मतलब है? शायद ही लोगों को इसके बारे में सही जानकारी होगी।




सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है, जिसमें रेलवे से जुड़ी एक रोचक जानकारी दी गई है. एक शख्स रेलवे ट्रैक के बगल में खड़ा है, और पटरी के बगल में लगे पोल की ओर इशारा कर रहा है. उस पोल पर दो बोर्ड लगे हैं. पहले बोर्ड पर लिखा है 'सी/फा' वहीं दूसरे पर लिखा है 'W/L'. सुरक्षा के नजरिए से बोर्ड काफी जरूरी होता है।

**क्या होता है 'सी/फा' और 'W/L' का मतलब?**

शख्स ने पोस्ट में बताया कि 'सी/फा' का मतलब होता है 'सीटी' और 'फाटक' नहीं 'W/L' का मतलब होता है Whistle और Level Crossing. ये बोर्ड लोको पायलट, यानी ट्रेन के ड्राइवर के लिए एक प्रकार का संकेत होता है कि जब वो इस स्थान तक पहुंचे, तो यहां से आगे सीटी बजाना शुरू कर दें, सतर्कता बरतें और ट्रेन को धीरे कर लें क्योंकि आगे कोई फाटक यानी लेवल क्रॉसिंग है. इस तरह आगे फाटक पर खड़े लोग सतर्क हो जाएंगे और वो क्रॉसिंग पार करने की कोशिश नहीं करेंगे. इन बोर्ड को अक्सर पीले रंग का बनाया जाता है जो काफी ब्राइट रंग होता है और दूर से ही लोको पायलट की नजर में आ जाता है. ट्रेनों से जुड़ी जानकारियां लोगों को बहुत मजेदार लगती हैं. शायद आपको ये जानकारी भी अनोखी लगे।

# निकिता और कबीर ने जीती पांच किमी मैराथन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

श्रीनगर गढ़वाल। बड़ियारगढ़ के मल्ली रिंगोली में पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी स्व. नितिशा नेगी की स्मृति में नशा मोबाइल छोड़ो स्वास्थ्य से नाता जोड़ो थीम पर रविवार को मिनी मैराथन हुई। पांच किमी मैराथन दौड़ में क्षेत्र के 40 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया।

देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी द्वारा प्रतियोगिता को हरी झंडी देकर रवाना किया। मैराथन निकिता और कबीर ने जीती। मिनी मैराथन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम आने वाले प्रतिभागियों को नगद धनराशि एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। युवक मंगल दल, दिल्ली समिति रिंगोली मल्ली और क्लासिक स्पोर्ट्स के तत्वावधा में आयोजित हुई मैराथन में बालिका वर्ग में निकिता ने पांच किमी रेस में प्रथम, तल्ली रिंगोली की आयुषी ने दूसरा, कांडा लोस्तु की कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कबीर ने प्रथम, संकेत ने द्वितीय, मनीष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को विधायक कंडारी ने सम्मानित किया। इस दौरान विधायक विनोद कंडारी ने स्व. नितिशा नेगी की स्मृति में खेल प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए गांव के सभी लोगों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़ियारगढ़ क्षेत्र में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों महाविद्यालय निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। कहा कि भूमि मिल चुकी है। महाविद्यालय में नये कोर्स भी शुरु किए जाएंगे, ताकि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के अन्यत्र ना जाना पड़े। कहा कि भारत दर्शन कार्यक्रम शुरू करने से बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है। महिला मंगल दलों के लिए, जल्द औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जायेगा। बड़ियारगढ़ क्षेत्र को जोड़ने वाले सड़क को स्टेट सड़क बनाया जायेगा। रिंगोली में गेदरे पर सुरक्षा कार्य हेतु पांच लाख ब्लॉक को दिये गये है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, डॉ. प्रताप भंडारी ने भी प्रतियोगिता के भव्य आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान राजेन्द्र कैंतुरा द्वारा किया गया। इस मौके प्रीतम सिंह कैंतुरा, राहुल कैंतुरा, रघुवीर कंडारी ,पीटीआई विकास घिल्डियाल, डॉ. विनीत पोस्ती,भाजपा मीडिया प्रभारी विपेन्द्र बिष्ट, सुरेन्द्र भंडारी, मनमोहन सिंधवाल, मोहित, कुंदन रावत, मनमोहन कंडारी, विपिन कंडारी, शशि देवी, गिरीश प्रसाद, सागर, गजेन्द्र सिंह, त्रिलोक सिंह, गोविंद सिंह, धुर्व पुंडीर,व्यापार सभा जिलाध्यक्ष श्रीनगर वासुदेव कंडारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवहन निगम की बसें बीमार, यात्री परेशान

चम्पावत। टनकपुर रोडवेज वर्कशॉप में बसें बीमार पड़ी हैं। डिपो में दिल्ली, हरिद्वार और बरेली रूट की बारह बसें बीते दस दिन से इंजन के अभाव में खड़ी हैं। इससे यात्रियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन निगम की रोडवेज बसें स्पेयर पार्ट्स की कमी से जूझ रही हैं। टनकपुर वर्कशॉप में दिल्ली, हरिद्वार और बरेली रुट की बारह बसों में इंजन और पंप्लेट सहित तमाम पार्ट्स का अभाव चल रहा है। फोरमैन सुरेश चंद्र पांडेय ने बताया कि यह बसें बीते दस दिनों से रोडवेज वर्कशॉप में खड़ी हैं। बसों की कमी से हरिद्वार, दिल्ली और छोटे रुट बरेली से मां पूर्णागिरि दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ-साथ यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन खराब बसों का संचालन हरिद्वार, दिल्ली, बरेली सहित आदि जगहों के रूटों के लिए किया जाता था। मजबूरन यात्री अधिक किराया देकर गंतव्य को रवाना हो रहे हैं। पवन मेहरा, आरएम, टनकपुर का कहना है कि तकनीकी खराबी से कुछ बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। इंजन को सुधारने में काफी समय लगता है। मुख्यालय से इन बसों के लिए अन्य पार्ट्स भी मंगाए गए हैं। नई बसों के लिए भी मांग की गई है।

### ऋषिकुल ग्राउंड से विकसित भारत के लिए सीए रन का आयोजन

हरिद्वार। आईसीएआई की हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन ने बताया कि विकसित भारत के लिए सीए रन की थीम के तहत 5 क्षेत्रीय परिषदें और 176 शाखाएं में एक एकीकृत राष्ट्रीय दौड़ आयोजित की गई। इस दौड़ में भाग लेकर सदस्यों ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में अपनी इच्छा को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सीए प्रबोध जैन, भगत सिंह, हरि रतूड़ी, योगेश दीवान, आशुतोष पांडे, अनिल वर्मा, अर्पित वर्मा, अंकित वर्मा, विकास बंसल, सुमित शर्मा, अमन भारद्वाज, वासु अग्रवाल, सुधांशु शर्मा, अनिल जैन, हरिंदर गर्ग, नयना मोहन, श्रुति शर्मा, आदित्य मोहन, अदिति सिंघल, नीरजा मोहन, कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

### तापमान में गिरावट के बाद लोगों को गर्मी से मिली राहत

हरिद्वार। हरिद्वार में रविवार को अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था। शनिवार को दोपहर तीन बजे के बाद बारिश आफत बन कर बरसी थी। लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया था। वहीं, शनिवार को बारिश के बाद रविवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। बादलों के कारण दिन में धूप नहीं निकली। दिन में गर्मी कम रही। धर्मनगरी में जून माह में लोग तपती धूप और गर्म हवाओं से परेशान थे। दिन में गर्मी का एहसास बना हुआ था। धूप की तपिश लोगों की परेशान कर रही थी।

### बरसाती नाले में उतरकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने कहा कि एक दिन पूर्व थोड़ी बरसात में ही स्थिति खराब हो गई। यात्रियों के वाहन गंगा में बह गए। नालों की सफाई नहीं होने से कॉलोनियों में खतरा मंडरा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र स्थित बरसाती नाले में कचरा भरा हुआ है। नाले की सफाई नहीं होने पर यहां भी यही हाल होने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि, अधिकारियों के साथ एसी कमरों में बैठकर खानापूर्ति कर रहे हैं। उनके पास जल भराव से निपटने की कोई योजना नहीं है। जिसके कारण जनता खामियाजा भुगत रही है। कहा कि ढोल, थाली बजाकर अधिकारियों को जगाने का कार्य किया। एक महीना पूर्व नगर निगम अधिकारियों को समस्त नालों की जानकारी दी थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। निवर्तमान पार्षद जफर अब्बासी, मेहरबान खान ने कहा कि बीजेपी शासन में योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं होता।

# उत्तराखंड : मानसून का स्वागत नैनीताल से सैलानियों की विदाई शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 01 जुलाई : मानसून की शुरुआत होने के साथ ही यहां ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में बड़ी तादाद में देश विदेश से पहुंचे सैलानी अब लौटने लगे हैं। इस पीक सीजन में शहर और इसके आसपास करीब पांच लाख पर्यटक पहुंचे हैं। इस वीकेंड के बाद नैनीताल के अधिकतर होटल व होम स्टे में 30 से 40 फीसदी तक की छूट दी जाएगी।ग्रीष्मकाल में जैसे जैसे शहरों में गर्मी बढ़ती रही उसी के साथ हिल स्टेशनों की ओर सैलानियों की संख्या भी बढ़ती गई। ऐसे में नैनीताल के साथ ही भीमताल, भवाली, सातताल, नौकुचियाताल आदि पर्यटन क्षेत्रों में सैलानी पहुंचते रहे। शहर में 15 अप्रैल से 30 जून तक पीक सीजन चलता है। ऐसे में यहां होटलों व होम स्टे के रेट बढ़ जाते हैं। इस सीजन में 2500 से 15000 तक के कमरे मिलते हैं। शहर में करीब 320 होटल व होम स्टे पंजीकृत है। इन होटलों के साथ ही अवैध रूप से संचालित होटल व होम स्टे पैक रहते हैं। जुलाई के बाद नैनीताल शहर में ऑफ सीजन शुरू हो जाता है। पर्यटक नहीं पहुंचने के चलते होटल व होम स्टे संचालक 30 से 40 फीसदी तक कमरे के किराए में छूट देते हैं।नैनीताल और आसपास के पर्यटन स्थलों में घूमने के लिए वर्ष 2021 में मई में 8,779, जून में 1,88,72 सैलानी, वर्ष 2022 में मई में 7,31,20 और जून में 8,95,61, वर्ष 2023 के मई माह में 89,888 और जून में 1,58,721 पर्यटक पहुंचे। इधर 2024 में करीब पांच लाख सैलानी पहुंचने की बात कही जा रही है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन, नैनीताल, के अध्यक्ष ने बताया कि ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन काफी बेहतर रहा। 30 जून तक सैलानियों की आमद बनी रही थी। जुलाई से होटल व गेस्ट हाउस के कमरों के किराए में 30 से 40 फीसदी तक छूट दी जाएगी।



# जियो वोडाफोन और एयरटेल के रिचार्ज प्लान हुए महंगे यहां देखें डिटेल्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : जियो और एयरटेल के यह रिचार्ज सब्सक्राइबर अभी भी 2 जुलाई तक करवा सकते हैं यह बड़ी हुई नई दरें 3 जुलाई से लागू होगी जबकि वोडाफोन आइडिया यूजर्स के लिए नई दरें 4 जुलाई से लागू होगी इसलिए रिलायंस जिओ, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के यूजर्स के पास अभी भी अवसर है वह रिचार्ज का लाभ उठा सकते हैं इन तीनों कंपनियों द्वारा प्रीपेड के साथ पोस्टपेड प्लान भी महंगे किए हैं।वर्तमान में जिओ का 28 दिन का रिचार्ज 239 रुपए का आता है जिसमें अनलिमिटेड कॉलिंग और 1.50 जीबी इंटरनेट प्रतिदिन का मिलता है इसी रिचार्ज को बढ़ाकर अब 299 रुपए का कर दिया है यानी 3 जुलाई से सब्सक्राइबर को यह रिचार्ज करवाने के 299 रुपए देने होंगे।जिओ के 209 रुपए के रिचार्ज में 1GB इंटरनेट प्रतिदिन और 28 दिन की वैलिडिटी एवं अनलिमिटेड कॉलिंग की सुविधा मिलती है इस रिचार्ज को बढ़ाकर अब 249 रुपए कर दिया है। जिओ का 1 साल का रिचार्ज अनलिमिटेड कॉलिंग और 2.50 जीबी प्रतिदिन इंटरनेट वाला प्लान 2999 का आता है इसे बढ़ाकर 3599 रुपए कर दिया है।

एयरटेल में 1GB प्रतिदिन इंटरनेट और अनलिमिटेड कॉलिंग 28 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 265 रुपए का आता है इसे बढ़ाकर अब 299 रुपए कर दिया है। एयरटेल का 299 रुपए का 28 दिन वाला प्लान जिसमें डेढ़ जीबी प्रतिदिन इंटरनेट और अनलिमिटेड कॉलिंग सुविधा मिलती है इसे बढ़ाकर 349 रुपए कर दिया है।एयरटेल का 84 दिन का 719 रुपए का प्लान जिसमें 1.50 जीबी प्रतिदिन इंटरनेट और अनलिमिटेड कॉलिंग सुविधा दी जाती है इसे बढ़ाकर 859 रुपए का कर दिया है। वोडाफोन आइडिया का 259 रुपए का प्लान जिसमें 1GB डाटा प्रतिदिन और अनलिमिटेड कॉलिंग मिलती है इसे बढ़ाकर 299 रुपए कर दिया है।वोडाफोन आइडिया का 299 रुपए का प्लान जिसमें डेढ़ जीबी प्रतिदिन इंटरनेट और अनलिमिटेड कॉलिंग सुविधा मिलती थी इसे बढ़ाकर 349 रुपए कर दिया है।

## बागी बमुंड के प्राथि भवन पुनर्निर्माण की मांग की

नई टिहरी। ब्लाक चंबा के बागी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंगीता देवी ने डीएम को पत्र लिखकर बागी बमुंड के प्राथमिक विद्यालय के भवन की पुनर्निर्माण की मांग की। पत्र के माध्यम से डीएम को बताया गया है कि बागी बमुंड विद्यालय का भवन बहुत ही जीर्ण-शीर्ण हो गया है। विद्यालय भवन की छत्त जर्जर हो गई है। भवन की सरियाओं पर जंग लग चुका है। 21 छात्र वाले इस विद्यालय में जर्जर भवन के चलते भवन टूटने के डर का माहौल बना रहता है। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए भवन के पुनर्निर्माण करने की मांग की है।

## डीएम मयूर दीक्षित से सीवर ठीक कराने की मांग

नई टिहरी। सेक्टर 5 सी में स्थानीय लोगों ने डीएम मयूर दीक्षित से सीवर ठीक कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सीवर लीकेज के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में गौरव विष्ट, महिपाल रावत, अरविंद पडियार आदि ने डीएम से मुलाकात कर बताया कि बीते दो-तीन सालों से सेक्टर 5सी में सीवर लीकेज है। जिससे गंदगी रिसाव होने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। गंदगी के कारण वातवरण भी दूषित हो रहा है। गर्मी के मौसम के चलते दिक्कत बढ़ रही है। सीवर लीकेज को बंद करवाने का कार्य किया जाये। मामले में डीएम ने सम्बंधित विभाग को सीवर लीकेज को बंद करने को निर्देशित किया है।

## केवाईसी शिविर लगाने की मांग

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख देवप्रयाग सूरज पाठक ने डीएम टिहरी से क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं की केवाईसी करवाने को ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में शिविर लगवाने का अनुरोध किया है। डीएम टिहरी को भेजे पत्र में ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि, ब्लॉक के सुदूर गांवों तक चंद्रवदनी गैस एजेंसी, अंजनी सैण की ओर से गैस आपूर्ति की जाती है। इनमें कई गांव 85 किमी से अधिक दूरी पर हैं। यहां के उपभोक्ताओं को काफी किराया देकर केवाईसी करवाने एजेंसी तक पहुंचना पड़ रहा है। जिनमें अधिकांश उपभोक्ताओं का उसी दिन केवाईसी नही हो पाने से उन्हे खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ता है।

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में गुरुकुल विवि के दो छात्रों का प्रतिष्ठित पद पर चयन

हरिद्वार। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने विभिन्न पदों के लिए चल रहे चयन प्रकिया के दौरान गुरुकुल कांगड़ी विवि के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय से दो छात्रों का चयन किया है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से दयाराम मीना और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग से श्रीहरि को 11.5 लाख रुपये का पैकेज दिया गया है। विवि के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर अम्बुज शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## दो दोपहिया वाहन चोरी

हरिद्वार। अलग अलग क्षेत्र से एक रेलवे कर्मचारी समेत दो लोगों की बाइक चोरी कर ली गई। वाहन स्वामियों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रेलवे कर्मी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि 27 जून को ड्यूटी के दौरान खाना खाने के लिए आवास पर पहुंचा था, इसी दौरान उसकी बाइक आवास के बाहर से चोरी कर ली गई। एसएसआई सतेंद्र बुटोला ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मनसा देवी मंदिर कैंपस में महिला श्रद्धालु के गले से चेन झपटी

हरिद्वार। बिहार के के मोहल्ला लक्ष्मण जिला औरंगाबाद निवासी नमिता पत्नी नवीन अपने परिवार के साथ यहां पहुंची थी। पूरा परिवार मनसा देवी मंदिर में दर्शन के लिए गया था। इसी दौरान उसके गले पर झपटटा मारकर सोने की चेन झपट ली गई, जब तक उसे माजरा समझ में आया तब तक आरोपी महिला फरार हो गई। सीसीटीवी कैमरे में एक महिला कैद हुई है। एसएसआई सतेंद्र बुटोला ने बताया कि लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दुष्कर्म आरोपी एक माह बाद गिरफ्तार

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया। एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि पिछले छह माह से वह अपनी बहन के घर रह रही थी। एक युवक युवती को डरा धमकाकर पिछले तीन माह से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता आ रहा है। आरोपी युवक ने पांच जून को युवती के घर मे घुसकर दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और उसकी बहन को जान से मारने की धमकी दी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसओ पथरी रविंद्र कुमार ने बताया आरोपी सन्नी को गिरफ्तार किया गया है।

### गांव की भूमि कब्जाने वालों के खिलाफ बैठक

हरिद्वार। भैरव सेना की रविवार को बैठक हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिला पंचायत की जमीन कब्जाने वालों से जमीन वापस कराई जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष मोहित चौहान, विजय पांडे, ललित सूर्यवंशी, संतराम, सेवाराम, रॉकी, राजू, दिनेश, नरेंद्र, विपिन, दीपक, सुमित, सागर, आसाराम, पंकज, सूरज, उमा, बृजेश, सविता, लता, विक्रम, रेखा, प्रेमलता, जयवंती, भगवती, मुन्नी, बबीता, राजेश, राजकुमारी, सपना आदि मौजूद रहे।

### खाते से रकम निकाली

हरिद्वार। सिडकुल निवासी एक व्यक्ति के खाते से 1.19 लाख की रकम निकाल ली गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर रविवार को सिडकुल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सौरव शारदा निवासी सेक्टर 37-डी चंडीगढ़ हाल पता दीपगंगा अपार्टमेंट सिडकुल ने शिकायत देकर बताया कि तीन फरवरी को उनके खाते में साइबर ठगों ने सेंधमारी कर दी थी। खाते से एक लाख उन्नीस हजार की रकम निकाल ली गई थी। साइबर क्राइम सेल में उसी दिन शिकायत दर्ज करा दी गई थी।

### आंकड़ों का प्रयोग मानव कल्याण के लिए करें: बत्रा

हरिद्वार। प्रो. बत्रा ने कहा कि सांख्यिकी प्रणाली एवं आर्थिक योजना निर्माण के क्षेत्रों में प्रोफेसर स्व. पीसी महालनोबिस ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण की योजना में भी अपना विशेष योगदान दिया। कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, योजना निर्माण एवं नीति निर्माण सांख्यिकी के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश चन्द्र आर्य ने कहा कि सांख्यिकी अंकों का खेल नहीं, बल्कि देश में विकास की आधारशिला है।

### एटीएम मशीन से छेड़छाड़, केस दर्ज

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस को दी गई शिकायत में केनरा बैंक शाखा की प्रबंधक ज्योति यादव ने बताया कि शाखा के बाहर उनका एटीएम है। आरोप है कि उनके एटीएम में मशीन से छेड़छाड़ की गई, इसका पता तब चला कि कुछ लोग नगदी निकालने पहुंचे लेकिन निकल नहीं सकी। उलटा उनके खाते से रकम कट गई। आरोप है कि एटीएम में मशीन से छेड़छाड़ की गई है। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि बैंक प्रबंधक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

### देसंविवि में एडमिशन को 1550 युवाओं ने दी प्रवेश परीक्षा

हरिद्वार। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, महाराष्ट्र, ओडिशा, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल, छत्तीसगढ़ सहित देश के 25 प्रदेशों के विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कुलसचिव बलदाऊ देवांगन ने बताया कि देसंविवि में इस वर्ष से नई शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम संचालित होंगे। भारत के 25 राज्यों के 1550 युवाओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। ये विद्यार्थी स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम के लिए हैं। हरिद्वार, भोपाल, नोएडा, लखनऊ, पटना, कोलकाता, नागपुर व राजनांदगांव में एक साथ प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई।

# रुड़की स्टेशन पर 64 ट्रेनों का परिचालन तीन जुलाई तक रहेगा प्रभावित, जानें पूरा शेड्यूल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुड़की 01 जुलाई : यात्रीगण कृपया ध्यान दें, रुड़की रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली 64 ट्रेनों का परिचालन तीन जुलाई तक प्रभावित रहेगा। रुड़की रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य शुरू होने जा रहा है। इसके लिए यार्ड री-मॉडलिंग होना है। लाइनों को नॉन इंटरलॉकिंग किया जा रहा है। यह कार्य तीन जुलाई तक पूरा होगा। तब तक के लिए ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस अप-डाउन समेत 22 ट्रेनों को रद्द किया गया है। 18 ट्रेनों का रूट बदला गया है जबकि आठ ट्रेनें सहारनपुर से ही वापस हो जाएंगी। इसके अलावा, कई ट्रेनों का समय भी बदला गया है जो पहले के मुकाबले विलंब से चलेंगी। इससे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

यात्रियों को राहत रुड़की रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के बाद मिलने लगेगी। उधर, देवबंद लाइन का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। बृहस्पतिवार से रुड़की-देवबंद खंड में पीएनपी और एनपी कार्य शुरू किया गया है। लाइनों को कनेक्ट किया जा रहा है। इसके चलते इस लाइन को ब्लॉक किया गया है।रेलवे के यातायात निरीक्षक आरके मीणा ने बताया कि बृहस्पतिवार से 30 जून यानी चार दिन पीएनआई का काम चलेगा। इसके बाद एक जुलाई से तीन जुलाई तक एनपी का काम चलेगा। इसके चलते रुड़की रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों का परिचालन इस दौरान प्रभावित रहेगा।

**इन ट्रेनों को किया गया है रद्द-गंगानगर-ऋषिकेश एक्सप्रेस, तीन जुलाई तक**

-देहरादून-सहारनपुर, तीन जुलाई तक
-मुरादाबाद-सहारनपुर, तीन जुलाई तक
-अमृतसर-हरिद्वार जनशताब्दी एक्सप्रेस, 28 जून से तीन जुलाई तक
-कोचुवेली-योगनगरी ऋषिकेश, 28 जून से तीन जुलाई तक
-बांद्रा टर्मिनस-हरिद्वार, 30 जून से तीन जुलाई तक



-अहमदाबाद-योगनगरी ऋषिकेश, 30 जून से दो जुलाई तक
-देहरादून-आनंद विहार वंदे भारत, एक जुलाई से तीन जुलाई तक
-दिल्ली-हरिद्वार, एक जुलाई से तीन जुलाई तक
-योग नगरी ऋषिकेश-कोचुवेली, एक जुलाई से तीन जुलाई तक
-योग नगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद, एक जुलाई से तीन जुलाई तक
-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनस, एक जुलाई से तीन जुलाई तक
-लक्ष्मीबाई नगर-योग नगरी ऋषिकेश, तीन व चार जुलाई तक

**ये ट्रेनें चलेंगी विलंब से-अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा, 30 जून तक 120 मिनट**

-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल, 30 जून तक को 45 मिनट
- हरिद्वार-बीकानेर, 29 जून तक 75 मिनट
-चंडीगढ़-बनारस, 30 जून को 120 मिनट
-बीकानेर-हरिद्वार, 28 जून को 75 व एक जुलाई को 30 मिनट
-अमृतसर-लालकुआं, 29 जून को एक घंटा-अमृतसर-बनमनखी, दो व तीन जुलाई को 45 मिनट
-ओखा-देहरादून, 28 जून को 45 मिनट
-वलसाड-हरिद्वार, दो जुलाई को 45 मिनट
-अमृतसर-कोलकाता, एक जुलाई को 15 मिनट
- जालंधर सिटी-दरभंगा, 30 जून को 30 मिनट
-लोकमान्य-ऋषिकेश, 29 जून को 45 मिनट

**इन ट्रेनों का बदला गया है रूट-लखनऊ-चंडीगढ़ का दो जुलाई तक, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर**

-गोरखपुर-चंडीगढ़ का 28 जून को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर का 30 जून से दो जुलाई तक, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-जयनगर-अमृतसर का एक जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-जयनगर एक्स. का 30 जून व दो जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-दरभंगा-चंडीगढ़ का एक जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-श्रीवैष्णोदेवी-बनारस का 30 जून को, सहारनपुर-मेरठ-मुरादाबाद
-गुरमुखी एक्सप्रेस का 29 जून को, सहारनपर-मेरठ-मुरादाबाद
-अमृतसर-लालकुआं का तीन जुलाई को, सहारनपुर-मेरठ-मुरादाबाद
-रामनगर-चंडीगढ़ का एक जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-बनारस-भठिंडा का 29 जून को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-गुवाहाटी-श्रीवैष्णोदेवी का एक जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-पाटलिपुत्र-चंडीगढ़ का 30 जून को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
- गुवाहाटी-जम्मूतवी का एक जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर
-कोलकाता-अमृतसर का दो जुलाई को, मुरादाबाद-मेरठ-सहारनपुर

# एयरपोर्ट पर दिखी केकड़ों की फौज, यात्रियों के छूटे पसीने

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : एयरपोर्ट पर सामान ले जाते तो आपने बहुत देखा होगा और कई बार ऐसा भी होता है कि लोग चोरी-छिपे सोना-चांदी या अन्य चीजें भी लेकर जाने की कोशिश करते हैं, जिनकी इजाजत नहीं होती. दुनिया में ऐसी घटनाएं अक्सर ही सामने आती रहती हैं कि लोग सांप, बिच्छू जैसे जीव भी बैग में बंद कर एयरपोर्ट पर पहुंच जाते हैं और फिर पकड़े जाते हैं. एक ऐसा ही मामला आजकल काफी चर्चा में है. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें एयरपोर्ट पर केकड़ों की फौज देखने को मिलती है, जो शायद किसी यात्री के बैग से निकल गए थे और फिर एयरपोर्ट के लगेज कन्वेयर बेल्ट पर फैल गए थे।

पोस्ट में आप देख सकते हैं कि कन्वेयर बेल्ट पर कितने सारे केकड़े दिख रहे हैं और सभी जिंदा हैं. उनमें से कई कन्वेयर बेल्ट के साथ आगे बढ़ते जा रहे थे तो कई केकड़े नीचे भी उतर गए थे और इधर-उधर भागने लगे थे. इस बीच यात्रियों को भी अपना सामान कन्वेयर बेल्ट से उतारने में दिक्कत हो रही थी, लेकिन कुछ यात्री तो अपना सामान धड़ाधड़ उतारने में लगे हुए थे. हालांकि इस दौरान एक भी एयरपोर्ट कर्मी वहां नजर नहीं आया, जो उन केकड़ों को वहां से हटा सके. यह घटना कहां की है, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन पोस्ट जरूर तेजी से वायरल हो रहा है।



वहीं, पोस्ट देखने के बाद लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी दी हैं. एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में लिखा है कि 'लोग केकड़ों का सामान ढूंढने में मदद करने के बजाय फोटो खींचने में लग गए थे, तो एक अन्य यूजर ने लिखा है कि 'जरूर कोई व्यक्ति ड्रग्स की तस्करी कर रहा होगा और वो कस्टम अधिकारियों का ध्यान भटकाने के लिए केकड़ों को लेकर आया होगा'.

# एस.पी. ममगाई लिखित ऐतिहासिक नाटक 'ज्योतिर्मयी पदमिनी' का लोकार्पण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। प्रसिद्ध रंगकर्मी और मेघदूत नाट्य संस्था के संस्थापक एस.पी. ममगाई द्वारा ऐतिहासिक कथानक पर लिखित नाटक ज्योतिर्मय पदमिनी पुस्तक का लोकार्पण रविवार को दून पुस्तकालय और शोध केंद्र के सभागार में आयोजित सादे किंतु गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ।

उत्तराखंड की पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक और प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. सविता मोहन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थी जबकि समारोह की अध्यक्षता टिहरी राजपरिवार के संस्कृति ध्वजवाहक ठाकुर भवानी प्रताप सिंह ने की। डॉ. योगेश धस्माना तथा मो. इकबाल अजर इस मौके पर विशिष्ट अतिथि थे।

अपने संबोधन में डॉ. सविता मोहन ने कहा कि किसी भी कथानक को कलाकार अपनी वाणी और अभिनय से जीवंत बनाते हैं और जब दर्शक किसी नाटक के साथ आत्मसात होकर उसमें खुद को तलाशता है तो यही नाटक की सफलता होती है। उन्होंने कहा कि लेखक के भाव अभिनेता के माध्यम से जब दर्शक तक पहुंचते हैं और दर्शक मंत्रमुग्ध होकर उसमें खो जाता है तो नाटक का लेखन सफल माना जाता है। उनका कहना था कि नाटक भारतवर्ष की प्राचीन विधा है। भरत मुनि के नाट्य शास्त्र का भी उन्होंने उल्लेख किया।

डॉ. सविता मोहन ने पदमावती के चरित्र चित्रण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इतिहासकारों में इस चरित्र को लेकर मत भिन्नता है किंतु मलिक मोहम्मद जायसी ने जिस कथावस्तु के साथ पदमावत की रचना की वह अपने आप में अद्भुत है और उसे महज किसी कवि की कल्पना मात्र नहीं कहा जा सकता। उन्होंने इतिहासकारों द्वारा पदमिनी के सापेक्ष और निरपेक्ष दोनों पक्षों के प्रति तर्क देते हुए कहा कि सूफी परम्परा के कवि जायसी ने एक कालखंड का वर्णन तो किया ही है जो अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कलाकारों का आह्वान किया कि वे अपने अंदर अभिनय की भूख बनाए रखें। उनका कहना था कि नाटक के पात्र को जीना ब्रह्म को प्राप्त करने के समान साधना है।

डॉ. योगेश धस्माना ने अपने संबोधन में कहा कि नाटकों की रचना और उनका प्रस्तुतिकरण आज के दौर में चुनौती भरा काम है और इस काम को जिस शिद्दत के साथ ममगाई जी कर रहे हैं, वह निश्चित ही स्तुत्य कर्म है। उन्होंने उत्तराखंड की नाट्य परम्परा और इस क्षेत्र में काम कर चुके लोगों के कृतित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। मो. इकबाल अजर ने कहा कि ममगाई जी का कार्य नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है और नाटकों के क्षेत्र में उनका योगदान विशिष्ट रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### 32 मेधावियों को मिली छात्रवृत्ति

ऋषिकेश। गोर्खाली सुधार सभा छिद्रवाला शाखा के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन रविवार को हिमालय देवी मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। रविवार को शाखा अध्यक्ष केके थापा की अध्यक्षता में गोर्खाली सुधार सभा के वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने कुल 32 मेधावियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना सभा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों नंदराम जोशी, मन बहादुर राना, भक्त बहादुर मल्ल और चंद्रकला गुरुंग को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष केके थापा ने सभा के विगत वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। महामंत्री गोपाल क्षेत्री ने सुधार सभा की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। शाखा के पूर्व अध्यक्ष बीबी थापा और उपाध्यक्ष धीरज थापा ने भी अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव गीता भंडारी ने किया। मौके पर कैप्टन वाईबी थापा, प्रभा शाह, संतोषी शर्मा, दिल बहादुर खत्री, चित्रवीर क्षेत्री, संगीता, पीबी मल्ल, आनंद भंडारी, संजय गुरुंग आदि उपस्थित रहे।

ये हुए सम्मानितः अनुराग शर्मा, आन्या शर्मा, माही मल्ल, मानवी थापा, अदिति मांझी, सानिया शर्मा, दिव्या खत्री, ममता शर्मा, सुहानी, आयुष न्योपाने, सरु थापा, साक्षी, मनीष शर्मा, मिलन थापा, सिया मल्ल, विशाखा शर्मा, सुधांशु थापा, आतीश क्षेत्री, प्रियांशी खत्री, कार्तिक गुरुंग, दिवेश थापा, रक्षित क्षेत्री, शिक्षा बोहरा, अमृत गिरि आदि को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक कार्य रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले प्रकाश खत्री, महेश मल्ल और पौधरोपण के लिए पार्वती थापा को सम्मानित किया गया।

### बजरंग दल ने सेवा सप्ताह कार्यक्रम मनाया

ऋषिकेश। बजरंग दल की ओर से 24 से 30 जून तक सेवा सप्ताह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया, जिसके तहत बजरंग दल ने विभिन्न जगहों पर पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। बजरंग दल के जिला मंत्री संतोष राजपूत ने बताया कि 24-30 जून तक सेवा सप्ताह मनाया गया, जिसके तहत शीशम झाड़ी में तपोवन प्रखंड की टीम द्वारा डीडीएस विद्यालय में बजरंग दल द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कालू सिद्ध मंदिर में प्रखंड रानीपोखरी टीम द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। डोईवाला बजरंग दल की टीम द्वारा हनुमान मंदिर राजीव नगर में सेवा भारती के साथ मिलकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई। लच्छीवाला शिव मंदिर में नगर डोईवाला बजरंग दल टीम द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा ऋषिकेश और अन्य जगहों पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण भी किया। मौके पर विभाग संयोजक बजरंग दल नरेश उनियाल, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख पुर्षोत्तम कोठारी, त्र्यंबक सेमवाल, राधा जैन, दीपक कश्यप, सुरज बिजल्वाण, गणेश उनियाल, हरी ओम गुप्ता, सुनील कुमार, सेवा भारती, रजनीकांत, राजेंद्र वर्मा, विक्रम चंद, चंद्रभान धाकड़, नितिश खंडुरी, अविनाश सिंह, नीरज यादव, गोपाल कुमार, मिथुन कुमार, भारत ठाकुर, विजय, शिवम चौहान, नकुल, अमन शाह, मुकेश चौहान, सुमित, संतलाल आदि उपस्थित रहे।

### यूरोलॉजिकल कैंसर जागरूकता के लिए 13 जुलाई को समग्र कार्यक्रम

ऋषिकेश। यूरोलॉजिकल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने और समुचित इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश की ओर से समग्र कार्यक्रम के तहत 13 जुलाई को विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न स्थानों से यूरोलॉजिकल विशेषज्ञ चिकित्सक अपने अनुभवों को साझा करेंगे। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि यूरोलॉजिकल कैंसर से सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों के निदान के लिए यूरोलॉजी विभाग द्वारा लम्बे समय से विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियानों के तहत जन-जागरूकता के कार्यक्रमों के अलावा सेमिनारों का आयोजन, गोष्ठियां और लाइव कार्यशालाओं का आयोजन शामिल है। इस श्रृंखला में इसी माह 13 जुलाई को एम्स के मुख्य सभागार में एक वृहद सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित यूरोलॉजिकल कैंसर को मात दे चुके उन सभी लोगों के विचार साझा होंगे, जो एम्स के यूरोलॉजी विभाग में इलाज करवाने के बाद पूर्व में अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं और वर्तमान में स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं।

# 'अब अपना जमाना चला गया,' सिनेमा के बदलते मिजाज : संजय कपूर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 01 जुलाई : कभी हिंदी सिनेमा में चॉकलेटी रोमांटिक हीरो की छवि रखने वाले अभिनेता संजय कपूर वर्तमान में कभी स्याह तो कभी कॉमेडी भूमिकाएं निभाकर अपनी कला के विविध पहलू दिखा रहे हैं। संजय के अनुसार अब तो उनके लिए केंद्रीय, सहायक या किसी भी तरह के भूमिका की लंबाई महत्व नहीं रखती है। इस क्रम में वह जी 5 पर हालिया प्रदर्शित फिल्म हाउस ऑफ लाइज में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आए।

संजय कहते हैं, 'कोई कलाकार अगर विविध भूमिकाएं निभाएगा, तभी वह आगे बढ़ेगा। फिल्म ब्लडी डैडी में मेरी नकारात्मक भूमिका थी, फिल्म मेरी क्रिसमस में थोड़ा फ्लर्ट करने वाला रोल था। वहीं मर्डर मुबारक में राजा साहब की भूमिका अलग मिजाज की थी। हाउस ऑफ लाइज में मैंने जांच अधिकारी की भूमिका निभाई। भगवान की कृपा है कि पिछले एक वर्ष में मेरे चार-पांच प्रोजेक्ट आए हैं। उन सभी में मेरी भूमिकाएं एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। हिंदी सिनेमा में हीरो की बदलती परिभाषा पर संजय कहते हैं, 'अब लोग हीरो से अधिक किसी कलाकार के अच्छे काम की प्रशंसा करते हैं।

लोगों को मनोरंजन चाहिए। एक अच्छी थ्रिलर फिल्म भी मनोरंजन हो सकती है। अब वह जमाना चला गया, जब सिनेमाघरों में सिर्फ कमर्शियल मसाला फिल्में चला करती थी।पहले में मैं नायक के रोल किया करता था, लेकिन आज चरित्र भूमिकाएं या कहानी के अन्य अहम पात्र निभा रहा हूं। आज के दौर में इतने विविधतापूर्ण रोल कलाकारों को मिल रहे हैं कि उम्र का कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। अगर आपके अंदर प्रतिभा है तो उम्र बस एक संख्या है।'

## संपादकीय



# अजेय विश्व विजेता

वाह, शाबाश, कमाल और करिश्मा... ! क्रिकेट की टीम इंडिया के लिए और कितने शब्दों का इस्तेमाल करें। आज टीम इंडिया टी-20 की विश्व विजेता है। यह अप्रतिम खेल-उपलब्धि है। टीम इंडिया 2007 में भी, महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में, दनादन क्रिकेट की सर्वप्रथम विश्व विजेता बनी थी। 17 लंबे सालों की प्रतीक्षा और निरंतर संघर्ष के बाद टीम इंडिया दोबारा विश्व चैम्पियन बनी है। यह आत्मविश्वास, धैर्य, जीतने के जज्बे और एकसूत्र में बंधी टीम की शानदार जीत है। देश खुशी से झूम रहा है। आंखें नम हैं और मुस्कान से भीगी भी हैं। असंख्य देशवासियों ने अनगिनत दुआएं भी दी होंगी। पूजा-पाठ भी किए गए। यह जीत अकल्पनीय, अप्रत्याशित और आशातीत नहीं है, क्योंकि टीम इंडिया कई बार जीत की दहलीज तक पहुंच कर ठिठकती और पराजित होती रही है। विश्व विजेता बनने के लिए कमाल की बल्लेबाजी, सटीक और स्विंगर गेंदबाजी, चुस्त और असंभव-सा क्षेत्ररक्षण कर टीम इंडिया ने साल-दर-साल मेहनत की है। यह बात कप्तान रोहित शर्मा ने कही है। इस बार दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हरा कर विश्व विजयी तिरंगा लहराया है, तो टीम इंडिया पराजय के जबड़े से 'अतुलनीय जीत' छीन कर लाई है। बेशक यह संकरी और रोमांचक जीत रही है। सबसे अद्भुत उपलब्धि तो यह है कि भारत के क्रिकेटर पूरे विश्व कप में 'अजेय' रहकर विश्व विजेता बने हैं। यह रोहित शर्मा के 257 रनों, सूर्यकुमार यादव के 199 विस्फोटक रनों, फाइनल मैच में मास्टर विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल की 31 गेंदों पर 47 रनों की छक्केदार पारी के साथ-साथ बुमराह की 15, अर्शदीप सिंह की 17, हार्दिक पंड्या की 11 और कुलदीप यादव की 10 विकेटों की सामूहिक जीत है। बेशक ऋषभ पंत के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। टीम इंडिया का गठन ऐसा है कि बोर्ड और चयनकर्ताओं ने भी हस्तक्षेप नहीं किया। टीम को शिद्दत से खेलने दिया गया। 2023 में एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का फाइनल हारने के बावजूद रोहित शर्मा की कप्तानी पर भरोसा किया गया। बहरहाल टीम इंडिया ऐसी इकलौती टीम है, जिसने एकदिनी विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी 2-2 बार जीते हैं। नतीजतन टीम इंडिया टी-20 की भी विश्व में 'नंबर वन' टीम है। एक दौर था, जब हम ऐसी 'सर्वोच्चता' की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज से 13 साल पहले 2011 में टीम इंडिया ने दूसरी बार एकदिनी क्रिकेट का विश्व खिताब जीता था। अब भारत में कपिलदेव, महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा सरीखे विश्व विजेता कप्तान हैं। अब नई, युवा पीढ़ी इस करिश्माई उपलब्धि का सिलसिला बरकरार रखेगी। चूंकि विश्व विजयी होने के तुरंत बाद विराट कोहली ने 'अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट' से संन्यास की घोषणा कर दी है और 2026 के अगले टी-20 विश्व कप तक रोहित शर्मा की उम्र भी 39 साल हो जाएगी, लिहाजा नए नेतृत्व को ढूंढने और तराशने की अहम दरकार है। भारत की बल्लेबाजी विख्यात रही है। विराट नहीं चले, तो रोहित के छक्कों ने धुएं उड़ा दिए। अब गेंदबाजी का खौफ भी फैलने लगा है। बुमराह की स्विंग का तोड़ विरोधी टीमें नहीं निकाल पा रही हैं। अर्शदीप ऐसा गेंदबाज उभरा है, जिसकी सटीक गति ने विरोधी पक्ष के पसीने छुड़ा रखे हैं। कुलदीप और अक्षर की घूमती गेंदें एक रहस्य लगती हैं। इसी विश्व कप के दौरान टीम इंडिया ने गत चैंपियन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को पटखनी दी है, उसे समूचे विश्व के क्रिकेट प्रेमियों ने देखा होगा और सराहा भी होगा। विश्व चैंपियन बनने की 'गुरु दक्षिणा' मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दी गई है, क्योंकि इसी प्रतियोगिता के साथ उनका दौर भी समाप्त हो गया है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## स्लोगन में मोहित और कविता में रिया प्रथम

उत्तरकाशी। पीएमश्री राजकीय आदर्श कीर्ति इंटर कॉलेज उत्तरकाशी में शनिवार को नशामुक्ति भारत अभियान सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टेन एलपीएस परमार ने छात्रों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई 1 वहीं मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी नरबीर सिंह बिष्ट ने छात्रों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया 1 विद्यालय में आयोजित पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता में कन्हैया नेगी, अंशिका, मोहित तथा स्लोगन लेखन में मोहित रावत, दिव्यांशी, करन तथा कविता गीत प्रतियोगिता में रिया, अप्सरा, साहिल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया 1 कार्यक्रम में प्रधानाचार्या जीजीआईसी रेनू साह, प्रियंका भंडारी, प्रियंका राणा, गिरीश असवाल आदि रहे।

## डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

कोटद्वार। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने रविवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित नाइट्स ऑफ कोटद्वार डांस प्रतियोगिता में आयोजक समिति और प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि आज के बच्चों में आगे बढ़ने का एक अलग जुनून है, जिसे सही मंच देकर आयोजक समिति ने बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आप उन चुनिंदा लोगों में से है जो इस नृत्य के माध्यम से इस धरा को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रहे है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, आयोजक विपिन रावत, मनी गुसाईं, पंकज भाटिया, गायत्री भट्ट, गौरव जोशी और विराट रावत आदि मौजूद रहे।

## धरना प्रदर्शन आठ जुलाई को

कोटद्वार। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने वन रैंक, वन पेंशन और अग्निवीर योजना में संशोधन न होने पर रविवार को रोष व्यक्त किया है। समिति ने इस संबंध में आठ जुलाई को तहसील में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। समित अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत ने बताया कि तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक लंबे समय से पेंशन विंसगति निस्तारण की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। इसलिए समिति ने इस संबंध में केंद्र सरकार का ध्यान खींचने के लिए धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मन की बात का हर एपिसोड प्रेरणादायक : प्रेमचंद अग्रवाल

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल समेत अन्य वक्ताओं ने कहा मोदी के मन की बात सुनने से प्रेरणा मिलती है। हरिपुरकला बूथ संख्या 172 में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपाइयों संग मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 111वें एपिसोड में संस्कृत और संस्कृति की बात की। प्रधानमंत्री का हर एपिसोड नई प्रेरणा देने का काम करता है। बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात हर माह सुनने को मिलेगी। मौके पर भाजपा रायवाला मंडल की अध्यक्ष शिवानी भट्ट, विनोद भट्ट, नरेंद्र सेमवाल, मुकेश भट्ट, हरीश जोशी, पंकज पाल, संदीप शर्मा, प्रियांशु, वैभव पोखरियाल, सुंदरलाल गौड़, देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। उधर, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं ने आदर्श ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं संग मन की बात का कार्यक्रम को देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात से काफी प्रेरणा मिलती है। देश के कोने कोने से वे देश के सामने नए लोगों के प्रकरण लाते हैं। यह ज्ञानवर्धक तो है ही साथ ही नए काम करने के लिए प्रेरणा करता हैं। प्रधानमंत्री मोदी विशेषकर महिलाओं के बारे में स्वावलंबी बनने, आत्मनिर्भर बनने समाज में महिलाओं के उत्थान की बात वे हमेशा करते रहते हैं। इस दौरान मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रभावित होकर कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। मौके पर हीरा लाल छावड़ा, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, मनीष मनवाल, कमला गुनसोला, राजेश गौतम, शुशील छावड़ा आदि रहे।

**मोदी के कार्यों का किया गुणगान :** डोईवाला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोईवाला में विभिन्न जगहों पर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा व सुना। कार्यक्रम के बाद भाजपाईयों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों का गुणगान किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, राजेंद्र तड़ियाल, आशा कोठारी, प्रवीण आदि रहे। उधर, रानीपोखरी में भी भाजपाईयों ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

### अमरनाथ गुफा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

ऋषिकेश। बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए डोईवाला से श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रविवार को रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व दल में शामिल नौ सदस्यों ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। नौ सदस्यों के दल ने डोईवाला के मणिमाई मंदिर, लच्छेश्वर महादेव मंदिर, गोवर्धन मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। दल के सदस्य निवर्तमान सभासद मनीष धीमान ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए निरन्तर जा रहे हैं। श्रद्धालु अजय सक्सेना ने कहा कि राष्ट्र की मंगल कामना के लिए श्रद्धालुओं का दल बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हो रहा है। डोईवाला से यह तीसरा जत्था है जो अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए जा रहा है। बाबा के दरबार में देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की जाएगी। यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालुओं में गुरमीत सिंह, संजय गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, प्रियंक लोधी, अनिरुद्ध सिंह, सुभाष शर्मा, यश सोनकर आदि शामिल रहे।

### सहसपुर अस्पताल में एक दशक से ठप पड़ी अल्ट्रा साउंड मशीन

विकासनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर में प्रतिदिन दो सौ के करीब की ओपीडी संचालित होती है। इनमें से कई मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने की जरूरत पड़ती है, लेकिन अल्ट्रासाउंड मशीन होते हुए भी यहां एक दशक से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहा हैं। मरीजों को अल्ट्रा साउंड कराने के लिए विकासनगर और प्रेमनगर जाना पड़ता है। ग्रामीण इलाका होने के कारण अधिकतर लोग गरीब तबके के हैं, जिन्हें निजी लैब में अल्ट्रासाउंड कराना भारी पड़ रहा है। सीएचसी सहसपुर ब्लॉक के सौ से अधिक गांवों की स्वास्थ्य सुविधा का प्रमुख केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं भी इसी अस्पताल में प्रसव कराने आती हैं, लेकिन गर्भावस्था के दौरान उन्हें अल्ट्रासाउंड की सुविधा इस अस्पताल में नहीं मिल रही है। मरीजों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी प्रेमनगर के रेडियोलॉजिस्ट को सप्ताह में दो दिन सीएचसी सहसपुर में अल्ट्रासाउंड करने के निर्देश दिए थे, लेकिन वह सहसपुर नहीं आए। इसके बाद सहसपुर अस्पताल के ही एक चिकित्सक को छह माह के प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। प्रशिक्षण से लौटने के बाद उन्होंने भी अभी तक प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र जमा नहीं किए हैं। इसके चलते अल्ट्रासाउंड मशीन अभी तक ठप पड़ी हुई। उधर, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मोहन सिंह डोगरा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे चिकित्सक के प्रमाण पत्र जमा कराने के बाद उनका पंजीकरण कराया जाएगा। चिकित्सक का पंजीकरण होने के पर ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो सकेगी।

### यूपी की सीमा में लग रहे जाम को खुलवाने में उत्तराखंड पुलिस के छूट रहे पसीने

विकासनगर। चारधाम यात्रा सीजन के चलते इन दिनों उत्तर प्रदेश की सीमा से आने वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। इसके कारण दर्रारीट बॉर्डर पर हर दिन जाम की स्थिति पैदा हो रही है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दोनों की सीमा में जाम लग रहा है। यहां पर उत्तराखंड पुलिस तो मौजूद है, लेकिन उत्तर प्रदेश की ओर से पुलिस पिकेट नहीं बनाई गई है, इसके चलते दोनों ओर लगे जाम को खुलवाने में उत्तराखंड पुलिस के भी पसीने छूट रहे हैं। रविवार को दो घंटे जाम में यात्री फंसे रहे। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का बॉर्डर दर्रारीट है। बीते साल यहां पर उत्तर प्रदेश सरकार ने भव्य स्वागत द्वार का निर्माण कराया, लेकिन अपनी सीमा में पुलिस पिकेट स्थापित नहीं की। जबकि सीमा के दोनों ओर जाम लगता रहता है। खासकर चार धाम यात्रा के दौरान यातायात का दबाव बढ़ जाता है। इन दिनों भी सैकड़ों यात्री वाहनों की आवाजाही दर्रारीट से हो रही है। वाहनों का दबाव बढ़ने और उत्तर प्रदेश की सीमा में पुलिस पिकेट नहीं होने के कारण हर दिन जाम लग रहा है। रविवार को उत्तर प्रदेश की सीमा से शुरू हुआ जाम दर्रारीट तक लग गया। सुबह आठ बजे से लगे जाम में यात्री दो घंटे तक फंसे रहे। इस दौरान दो किमी से अधिक लंबे जाम को खुलवाने के लिए उत्तराखंड की पुलिस के चार जवानों को खूब पसीना बहाना पड़ा। उमस भरी गर्मी में दो किमी तक उत्तर प्रदेश की सीमा में जाकर पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाया। दर्रारीट में पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है, ऐसे में जाम में फंसे यात्री हलक तर करने के लिए इधर-उधर भटकते रहे। उधर, सहसपुर थाने के एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि दर्रारीट पर अतिरिक्त पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। उच्चाधिकारियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस को भी सहयोग करने को कहा जाएगा।

### रंगमंच कार्यशाला में समाज में फैली कुरीतियों पर कसा तंज

उत्तरकाशी। नाट्य दल संवदेना समूह की दो माह की रंगमंच कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। समूह के कलाकारों ने महिला सशक्तीकरण पर आधारित गढ़वाली कल्यों नाटक मंचन के जरिए मौजूदा दौर में पारिवारिक समाज में फैली कुरीतियों पर तंज कसा। कार्यशाला के दौरान नाटक मंचन, लोकगीत, नृत्य सहित नाट्य विद्या का प्रशिक्षण दिया गया।

नाट्य दल संवेदना समूह की ओर से पीजी कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित दो माह की रंगमंच कार्यशाला में 51 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। नाटक मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी और समाज में फैली कुरीतियों पर तंज कसा। इस नाटक में दिखाया गया कि किस प्रकार आज भी नैतिकता की आड़ में किसी प्रकार अनैतिक कार्यों को लोग अंजाम दे रहे हैं। तो वहीं इसे पीड़ित महिला किस प्रकार से पूरी दुनिया से लड़ कर अपने आप को साबित कर समाज के बीच लोहा मनवाती है। जिन लोगों ने कभी उसका तिरस्कार किया था,अंत में वही लोग उस महिला से माफी मांगते हैं।

# उत्तराखंड : शिक्षा विभाग में CRP-BRP के 955 पदों पर भर्ती शुरू.. ऐसे करें आवेदन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रामनगर 01 जुलाई : 29 जून से CRP-BRP के लिए लगभग एक हजार पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु हो चुकी है और इस भर्ती परीक्षा में सेवानिवृत शिक्षक भी शामिल हो सकते हैं। इन पदों की अंतिम तिथि 14 जुलाई है।लम्बे समय से शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की भर्ती का इंतज़ार कर रहे युवाओं के लिए राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीआरपी यानी संकुल संदर्भ पर्सन और बीआरपी यानी ब्लॉक संदर्भ पर्सन के 955 पदों पर 29 जून से भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरा जाना है। इस भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को विभिन्न जरूरी योग्यताएं पूर्ण करनी होगी तभी वे इसमें शामिल हो सकते हैं। राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में उनका पंजीकरण अवश्य होना चाहिए। सेवानिवृत शिक्षक भी इसमें शामिल हो सकते हैं उनके लिए 10% पद आरक्षित किए गए हैं।

BRP (ब्लॉक संदर्भ पर्सन) की 255 पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान में कम से कम स्नातक और स्नातकोत्तर में 55% अंक के साथ पास होना चाहिए। वहीं CRP (संकुल संदर्भ पर्सन) के लिए 55% अंक के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि होनी आवश्यक है। बीआरपी और सीआरपी पदों के लिए बीएड के साथ सीटीईटी (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) या यूटीईटी (उत्तराखंड टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) प्रमाण पत्र होना जरूरी है। साथ ही कंप्यूटर में काम करने की दक्षता होना भी जरुरी है। इसमें सेवानिवृत शिक्षकों के लिए बीएड और एलटी अनिवार्य है।

अभ्यर्थियों के लिए इन पदों की आयु सीमा न्यूनतम 21 साल और अधिकतम 42 साल निर्धारित की गई है। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षकों की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष तय की गई है। पात्र अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के अंतर्गत रोजगार प्रयाग पोर्टल ro-jgarprayag.uk.gov.in के माध्यम से इन पदों के लिए 14 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।




## गोदियाल ने पोखरी क्षेत्र में मांगे वोट

चमोली। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पोखरी क्षेत्र के गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला के लिए वोट की अपील की। गोदियाल ने पोखरी के हापला क्षेत्र के गांवों में मतदाताओं से संपर्क किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मसोली गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-दमाऊ के साथ उनका स्वागत किया। गोदियाल ने भाजपा प्रत्याशी को अवसरवादी बताते हुए कहा ऐसे मौका परस्त लोगों के बहकावे में न आए। गोदियाल ने वोट कांग्रेस प्रत्याशी को देने की अपील की। हरि सिंह रावत ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के कारण ही उपचुनाव हो रहा है। ऐसे में कांग्रेस को जीताकर इस मौके पर श्रवण सती, रविंद्र नेगी, मोहन, राकेश नेगी, कुलदीप थपलियाल, बसन्त लाल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी भंडारी ने नही उठाये कभी भी जनता के मुद्दे : करण माहरा

चमोली। कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार में जोशीमठ पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने कभी भी जनता के लिए संघर्ष नहीं किया वे पिछले दो वर्षो से लगातार बीजेपी के खिलाफ बोलने से बचते आ रहे थे। जिस कारण से उन्हें पूर्व में ही शक हो गया था और उन्होंने भंडारी के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए हाईकमान को लिखा भी था। रविवार को माहरा ने प्रत्याशी लखपत बुटोला और पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क कर कांग्रेस के लिए वोट मांगे।

करण महारा ने आपदा में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रां में सुमार मनोहरबाग वार्ड के दरकते खेतों और ढहती मकानों तक पहुंचकर आपदा पीड़ितों से बातचीत की और उनका दर्द सुना। माहरा ने कहा कि 17 महीने बाद भी प्रदेश सरकार ने जोशीमठ नगर के प्रभावितों के लिए विस्थापन एवं पुर्नवास की नीति नहीं बनाई जो चिन्ताजनक है। कहा कि केन्द्र द्वारा भारी भरकम राशि की घोषणा तो हुई है लेकिन वह राशि अभी तक बस हवा हवाई है।

## छोटे -छोटे प्रयोग करके विज्ञान को रुचिकर बनाए

चमोली। विज्ञान की जटिलताओं और शिक्षण को सरलता से भी छात्र छात्राओं के बीच कैसे रुचिकर बनाया जाय, इस विषय पर गोपेश्वर के आरसीबीएसवीएम इंटर कालेज में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सरस्वती विद्या मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिरों के आचार्य, शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शनिवार देर शाम तक चली इस कार्यशाला में नई शिक्षा नीति, नवीनता के लिए समय-समय पर शिक्षकों आचार्यों को विषय विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यशाला प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने कहा कि विज्ञान को रुचिकर बनाने के लिए कक्षाओं में छोटे छोटे प्रयोगों को माध्यम बनाया जा सकता है। कालेज के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह चौहान ने बताया शिक्षा में नव अन्वेषणों, अनुसंधानों, नव प्रयोगों पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला में चमोली जिले के विद्या मंदिरों, सरस्वती शिशु मंदिरों के 80 से अधिक शिक्षक आचार्यों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला की विशेषता यह रही कि विषय विशेषज्ञों ने भी विज्ञान, तकनीकी और शिक्षण प्रशिक्षण आ रहे नव प्रयोगों को सरलता से बताया। कुलदीप गैरोला ने कहा अपने आस पास बिखरे और मौजूद संसाधनों से भी शिक्षण और विज्ञान को सीखा समझा जा सकता है। कार्यशाला का शभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निवर्तमान विभाग प्रचारक शरद ने किया। कार्यशाला में संकुल प्रमुख शम्भू प्रसाद चमोला, दिनेश मंदौली, विद्यालय के संरक्षक प्रेम बल्लभ भट्ट, डायट गौचर के प्राचार्य आकाश सारस्वत, मास्टर ट्रेनर अनूप खंडूरी, सम्भाग निरीक्षक मुरलीधर चंदोला, डॉ विनोद चंद्र आर्य समेत शिक्षा और विज्ञान से जुड़े जानकारों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## 236 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

पौड़ी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत उप आबकारी निरीक्षक, आबकारी सिपाही, परिवहन आरक्षी, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड-3 के पदों में पर रविवार को आयोजित लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। परीक्षा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। रविवार को आयोजित परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से शहर में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा की नोडल एवं एडीएम ईला गिरी ने बताया कि परीक्षा में कुल 1373 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1137 लिखित परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 236 अनुपस्थित रहे। बताया कि परीक्षा को लेकर बीआरएमएस, जीजीआईसी, जीआईसी, एमआईसी व एसवीएम इंटर कालेज तिमली में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई।

## पौड़ी में लाखों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को भेजा जेल

पौड़ी। पुलिस ने 11 लाख की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के सदस्य को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गैंग के सदस्य कम ब्याज पर लोन दिलवाने और लोन की रकम दोगुनी करने का लालच देकर लाखों की साइबर ठगी को अंजाम देते थे। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि बीती 10 अप्रैल को कुल्लू भंवारी निवासी एक महिला ने पौड़ी कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर कम ब्याज दर पर लोन देने और लोन की धनराशि को दोगुना करने के नाम पर उनसे 11 लाख की धोखाधड़ी की है। जिस पर कोतवाली पौड़ी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

बताया कि पुलिस टीम का गठन करने पर जांच में सामने आया कि लोन दिलाने वाली ये गैंग बिहार और राजस्थान से संचालित हो रहा है। पुलिस टीम द्वारा अलग अलग प्रदेशों में दबिश देकर मथुरा निवासी हरून पुत्र सपत को मथुरा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश गैरोला, मुख्य आरक्षी धीरज सिंह, आरक्षी अमरजीत सिंह शामिल रहे।

## नए कानूनों पर दी जानकारी

कोटद्वार। उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देश और जिला जज पौड़ी गढ़वाल अजय चौधरी के निर्देशन में सिमलचौड़ स्थित सिविल कोर्ट परिसर में रविवार को नए कानूनों से होने वाले परिवर्तनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अपर जिला जज कोटद्वार रीना नेगी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार मनोज द्विवेदी व न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार सोनिया द्वारा नए कानूनों के संबंध में अधिवक्ताओं को जानकारी दी गई। कहा कि 1 जुलाई से लागू हो रहे नए कानून आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। ये कानून नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। नए कानून हमारे देश की विधिक प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यशाला में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पंत, रश्मि चंदोला जोशी, सुनील डोबरियाल, कृष्ण कुमार भारद्वाज, प्रवेश रावत, जसवीर राणा, धर्मदीप अग्रवाल, योजना शर्मा, अमित गुप्ता और प्रकाश नेगी सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नशामुक्ति को आयोजित दौड़ में मयंक व महक रहे अब्बल

नई टिहरी। जिला युवा कल्याण और समाज कल्याण विभाग ने संयुक्त रूप से रविवार को बौराड़ी स्टेडियम में नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन का आयोजन किया। दौड़ को हरी झंडी दिखाकर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने रवाना किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राजेश नौटियाल ने कहा कि नशा समाज सहित लोगों को निजीस्तर पर नुकसान पहुंचाता है। युवा नशे से दूर रहें। जिसके बाद मैराथन में शामिल युवाओं को नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। मैराथन में बालक वर्ग में मयंक नेगी और बालिका वर्ग में महक ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता और उपविजेता धावकों को मुख्य अतिथि राजेश नौटियाल व भाजपा के मीडीया प्रभारी डा प्रमोद उनियाल ने मेडल भेंटकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी किशन सिंह चौहान, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ प्रमोद उनियाल, विनोद सकलानी सहित अन्य मौजूद रहे।

### केदारनाथ में चौराबाड़ी ताल के ऊपर से आया एवलांच, कोई नुकसान नही

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ मंदिर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित चौराबाड़ी ताल के ऊपर से हिमस्खलन आने से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। रविवार सुबह 5 बजे हिमालय की पहाड़ी से हिमस्खलन हुआ। जिसे केदारपुरी से कई लोगों ने देखा। बर्फ के गुब्बार का लोगों द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया।रविवार को सुबह 5 बजकर 6 मिनट पर केदारनाथ के चौराबाड़ी के ऊपरी क्षेत्र से हिमस्खलन होने से से बर्फ का गुब्बार धुंए के रूप में दिखाई दिया। केदारनाथ में मौजूद लोगों ने इस दृश्य को देखने के बाद वीडियो भी बनाया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह हुए हिमस्खलन से केदारनाथ में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन केदारनाथ से ऊपरी क्षेत्र में जाने वाले यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतर्क किया गया है कि वे अनावश्यक चौराबाड़ी ताल की तरफ घूमने न जाएं।

### विकास कार्य के लिए प्रतिनिधित्व भी जरूरी : सुयाल

चमोली। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा विकास के कार्यों के लिए डबल इंजन की सरकार और प्रतिनिधित्व जरूरी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रहे हैं। उत्तराखंड कई क्षेत्रों में मॉडल राज्य के रूप में आगे आया है। रविवार को गोपेश्वर में भाजपा चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भण्डारी ने बदरीनाथ विधानसभा में कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया। अब ये दोनों नेता मिलकर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

### भंडारी ने विकास के नाम पर मांगे वोट

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने रविवार को ब्राह्मण थाला सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल रहे। भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने कहा विकास और निर्माम उनकी प्राथमिकता है। जनता का आशीर्वाद वोट के रूप में उन्हें फिर मिलेगा। तो वे बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र को विकास का मॉडल क्षेत्र बनाने का प्रयास करेंगे। भंडारी ने पोखरी विकासखंड के थाला, पोगठा, गोंदी गिंवाला, ताली कंसारी, थाला बैंड सहित कई गांवों में पहुंच कर विकास के लिए उन्हें वोट की अपील की। बदरीनाथ विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नवल खाली ने दूरस्थ गांव कलगोंठ, पल्ला जखोला, किमाणा, देव ग्राम, बडगिंडा सहित गांवों में पहुंच कर वोट मांगे। खाली ने कहा राज्य बनने के 24 सालों में भी जनता शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा की जरूरी आवश्यकता के लिए परेशान है। भाजपा और कांग्रेस दोनों जनता की भावनाओं के साथ छल कर रहे हैं।